Title: Need to expedite the ongoing excavation work at Garh Kesharia of Rajaven in Bihar.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतीहारी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान बिहार के राजाबेन का गढ़ केसरिया की ओर दिलाना चाहता हूं। राजाबेन का गढ़ केसरिया ऐतिहासिक दृष्टि से देश का अत्यन्त प्रसिद्ध स्थान है। यहां केसरिया का प्रसिद्ध मंदिर भी है। पिछले कई वर्षों से वहां पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई का कार्य धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण बहुमूल्य सामान की हिफाजत नहीं हो रही है। इसी जिले में अरेराज का प्राचीन, सर्वाधिक पुराना एवं प्रसिद्ध शिव मंदिर है जो भारत-नेपाल के लोगों का श्रद्धा केन्द्र तथा पर्यटक स्थल है, लेकिन उसके देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं है। अरेराज का अशोक स्तम्भ, चाणक्य की स्थली, वेदीवान मधुवन एवं महात्मा गांधी के सत्याग्रह से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थल आज भी अपेक्षित हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पुरातत्व विभाग उपरोक्त स्थल में खुदाई के कार्य में तेजी लाए। पर्यटक स्थल के विकास एवं देखभाल की पूर्ण व्यवस्था की जाए।